प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही 28 जनवरी से शुरू हुए बजट सत्र का समापन हो गया। लोकसभा में अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि बजट सत्र के दौरान 93 प्रतिशत कामकाज हुआ।

****

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कल का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सकता था, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी के गठबंधन ने देश की आधी आबादी के हक पर प्रहार किया है।

****

गांडेय से विधायक और झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने स्पष्ट किया कि वह राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के पक्ष में पूरी मजबूती से खड़ी हैं, लेकिन बिना सटीक आंकड़ों के लोकसभा सीटों की संख्या में बदलाव या आरक्षण का निर्धारण करना न्यायसंगत नहीं है। कल्पना सोरेन ने जोर देकर कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की महिलाओं की वास्तविक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए जनगणना का इंतजार करना आवश्यक है।

****

भाजपा नेता बाबूलाल मराण्डी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संसदीय इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। श्री मरांडी ने विपक्षी दलों पर महिला विरोधी सोच का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की नारी शक्ति इसका जवाब आगामी चुनाव में देगी।

****

राज्य के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो हेमंत सोरेन आज से पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतर रहे हैं। वे आज से 20 अप्रैल तक बंगाल के विभिन्न जिलों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में सघन प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री आज पुरुलिया जिले के काशीपुर, मानबाजार और बंदवान विधानसभा क्षेत्रों में तीन महत्वपूर्ण चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

****

इस वर्ष हज के लिए 371 हज यात्रियों का पहला जत्था आज नई दिल्ली से सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुआ। जायरीन इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मक्का के लिए रवाना हुए। दिल्ली हज कमिटि की अध्यक्ष कौसर जहां ने व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जायरीन के सहयोग के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

****

विश्व धरोहर दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर नागरिकों से ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के दौरान उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया है।

****

पूरा राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने कल से 21 अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में हीट वेव की चेतावनी जारी की है। कल पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार में लू चलने की संभावना है, जिसका असर 21 अप्रैल तक कोल्हान, खूंटी और सिमडेगा जैसे इलाकों में भी फैल जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने दोपहर 11 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

****

रांची के खेलगांव स्थित बॉक्सिंग हॉल में कल दूसरी झारखंड स्टेट मिक्स बॉक्सिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य भर से करीब 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 10 बजे डीएसओ शिवेंद्र सिंह करेंगे, जबकि समापन समारोह शाम 5 बजे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की मौजूदगी में होगा।

*******समाप्त************